कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 22.05.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

# कन्या महाविद्यालय में फेकल्टी डेव्लपमेन्ट प्रोग्राम

सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (FDP) का सफल आयोजन भारतीय ज्ञान प्रणाली पर 7 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (FDP) का आयोजन डॉ. डब्ल्यू. डब्ल्यू. पाटणकर गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, दुर्ग, छत्तीसगढ़ और श्री अरविंद योग एवं नालेज फाउंडेशन, भारत के संयुक्त तत्वावधान में 14 से 20 मई 2025 तक 'भारतीय ज्ञान प्रणाली' विषय पर 7 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (FDP) का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों, शोधकर्ताओं और शिक्षा क्षेत्र के पेशेवरों को भारतीय ज्ञान परंपरा, योग, दर्शन, संस्कृति और शिक्षा के मूल्यों से परिचित कराना है, जिससे वे इन सिद्धांतों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली में समाहित कर सकें। इस 7 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में कुल 14 सत्र में विभाजित कर 14 विभिन्न प्रदेशों के वक्ता जिसमें डॉ. रविन्द्र ब्रम्ह, डायरेक्टर सेंटर ऑफ आई.के.एस. पं. रविशंकर शुक्ल, रायपुर (छ.ग.), डॉ प्रशांत कुमार श्रीवास्तव, शासकीय वि. वाय. टी. स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग, (छ.ग), डॉ. अर्पणा रावल, पश्चिम बंगाल, डॉ. घनश्याम साहू, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.), श्रीमती प्रियंका वर्मा, नागपुर, डॉ. अनिल श्रीवास्तव, एडिशनल डायरेक्टर, बस्तर, (छ.ग.), डॉ राजऋषि मिश्रा, होम्योपैथी, भिलाई, (छ.ग.), डॉ. शशिकांत दास, रजिस्ट्रार पुडुचेरी विश्वविद्यालय, पुडुचेरी, डॉ प्रेमलाल पटेल, डायरेक्टर, आरोग्यवेदा योग व प्राकृतिक चिकित्सा, भिलाई, (छ.ग.), डॉ. इंद्राणी, फाउंडर ट्रस्टी, श्री अरविंद योग व नालेज फाउंडेशन, भारत, डॉ. सोमाली गुप्ता, प्राचार्या, शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय, अर्जुनदा, दुर्ग (छ.ग.) सम्मिलित हुए। हाइब्रिड मोड में चलने वाले इस कार्यक्रम में लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें मनोविज्ञान, संस्कृति, कौशल, व्यक्तित्व संबंधित गतिविधियां भी करवाई गई। अंतिम दिन प्रथम सत्र में डॉ. सोमाली गुप्ता के व्याख्यान के साथ ही द्वितीय सत्र में कार्यक्रम समापन में मुख्य अतिथि डॉ. संजय तिवारी, कुलपति, हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.), विशेष अथिति डॉ. अजय सिंह, प्राचार्य, शासकीय वि. वाय. टी. स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग, (छ.ग), डॉ. एस. एम. घोष, मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री अरविंद योग व नालेज फाउंडेशन, भारत उपस्थित हुए ,जिन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव जी ने अपने शब्दों में भारतीय ज्ञान प्रणाली, योग, दर्शन, संस्कृति और शिक्षा

के साथ व्यक्तित्व, पर्यावरण, सस्टेनेबिलिटी आधारित टॉपिक्स पर विशेष चर्चा करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम भारतीय शिक्षा प्रणाली को समृद्ध करने और शिक्षकों को भारतीय परंपराओं और मूल्यों के प्रति संवेदनशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर श्री अरविंद योग व नालेज फाउंडेशन, भारत से डॉ इंद्राणी, भूमिका डांगे, डॉ. शर्मिष्ठा, बालमुकुंद, शुभांगी, श्रीमती अर्चना, श्रीमती अंशु त्रिपाठी, स्वाति ,पश्चिम बंगाल से डॉ स्वच्छतोवा घोषाल, श्रीमती निशा बैनर्जी और शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग से डॉ. अमिता सहगल, डॉ. अनिल जैन, डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ. के एल राठी, डॉ. सुषमा यादव, डॉ. मुक्ता बाखला, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. मोनिया राकेश, डॉ. अनुजा चौहान, श्रीमती ज्योति भरणे, श्रीमती वंदना बंजारे, डॉ. लता मेश्राम, डॉ. एम. लक्ष्मी प्रसूना अन्य अतिथि प्राध्यापक उपस्थित थे।

इस अवसर पर महाविद्यालयीन पत्रिका 'कैम्पस न्यूज' का विमोचन डॉ. संजय तिवारी, कुलपति, हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग के कर कमलों द्वारा किया गया। डॉ. किरण बाला पटेल, समन्वयक व डायरेक्टर (आउटरीच) श्री अरविंद योग व नालेज फाउंडेशन के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। मंच संचालन डॉ रेशमा लाकेश, समन्वयक, शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के द्वारा किया गया।

*टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# कन्या महाविद्यालय में फेकल्टी डेव्लपमेन्ट प्रोग्राम





